सं० 1 (1) -ई III (ग)/67

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

नई दिल्ली दिनांक 11 दिसम्बर 1970

कार्यालय ज्ञापन

विषय :— अवधियों की वेतन वृद्धि के प्रति गणना

इस मंत्रालय के 27 जनवरी 1968 के इसी संख्या के कार्यालय ज्ञापन के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस बारे में शंका उठाई गई है कि जिन मामलों में वेतन वृद्धि के लिये गणना नहीं करने योग्य भिन्न भिन्न अवधियाँ और /अथवा उनका योग 29 दिन से अधिक हो, उनमें वेतन वृद्धि की तारीख निश्चित करने में क्या पद्धति अपनाई जायगी । भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के साथ परामर्श करके यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे मामलों में, वेतन वृद्धि के लिये गणना नहीं करने योग्य अवधियों तथा अवधियों के योग को, मूल नियम 9(18) के नीचे दी गयी लेखापरीक्षा हिदायतों के उपबन्धों के अनुसार महीनों और दिनों में परिवर्तित कर दिया जाय । मूल नियम 26(ग) के परन्तुक की व्यवस्था के अनुसार वेतन-वृद्धि की वास्तविक तारीख निकालने के लिये, इस प्रकार महीनों तथा दिनों में परिवर्तित कुल अवधि को वेतन -वृद्धि को सामान्य तारीख में जोड़ दिया जाय ।

(कृ० पृ० उ०)

संशोधित नियम के अन्तर्गत, वेतन-वृद्धि की तारीख की गणना करने की पद्धति का उदाहरण इस ज्ञापन के अनुबन्ध में दिया गया है ।

कृपा सिंह

उप सचिव, भारत सरकार

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों / विभागों आदि को ।

प/शु/न

अनुबन्ध

।

(क) वेतन-वृद्धि की पिछली तारीख 25 -6-1969

(ख) असाधारण छुट्टी, मुअत्तली तथा वेतन-वृद्धि में गणना नहीं की जानेवाली अन्य अवधियां ।

से	तक	ब्यौरे	अवधि वर्ष	मास	दिन
29/7/69	31/7/69	असाधारण छुट्टी (गणना) नहीं	-	-	3
7/10/69	2/1/70	मुअत्तली-गणना नहीं	-	2	27
15/3/70	5/4/70	असाधारण छुट्टी - गणना नहीं	-	-	22
		वेतन-वृद्धि में गणना नहीं करने योग्य अवधियों का योग		3 -	22

(ग) वेतन-वृद्धि की वास्तविक तारीख निश्चित करना :

	तारीख	माह	सन् ई0
वेतन -वृद्धि की पिछली तारीख	25	6	1969
सामान्य स्थिति में वेतन-वृद्धि की अगली तारीख	25	6	1970
वेतन-वृद्धि मे गणना नहीं करने योग्य अवधियों का योग, अपर्युक्त (ख) के अनुसार	3 मास 22 दि		
मूल नियम 26(ग) के परन्तुक के अनुसार वेतन-वृद्धि की तारीख	17	10	1970

(कृ0पृ0उ0)

11

(क) वेतन -वृद्धि की पिछली तारीख 25 / 6/1969

(ख) असाधारण छुट्टी, मुअत्तली आदि की अवधियां, जिनकी गणना वेतन वृद्धि में नहीं की जानी है :

से	तक	ब्यौरे	अवधि वर्ष	मास	दिन
7-8-69	10-8-69	असाधारण छुट्टी-गणना नहीं	-	-	4
19-10-69	5-11-69	मुअत्तली -वेतन वृद्धि में नहीं गणना करने योग्य घोषित	-	-	18
20-2-70	11-3-70	असाधारण छुट्टी -गणना नहीं	-	-	20
		वेतन वृद्धि में गणना नहीं करने योग्य अवधियों का योग	-	1 -	12

(ग) वेतन -वृद्धि की वास्तविक तारीख निश्चित करना :

	तारीख	माह	सन् ई0
वेतन-वृद्धि की पिछली तारीख	25	6	1969
सामान्य स्थिति में वेतन -वृद्धि की तारीख	25	6	1970
वेतन-वृद्धि में गणना नहीं करने योग्य अवधियों का योग उपर्युक्त (ख) के अनुसार	1 मास 12 दि		

मूल नियम 26 (ए) के परन्तुक के अनुसार वेतन-वृद्धि की तारीख 6-8-1970